तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार, 10 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 बंगाल से 29 रुपए में आ रहा है आलू, थोक में 30...



11 खेती में धान मिंजाई के परंपरागत साधन विलुप्त...



## खबर संक्षेप



### सिंघौरी स्कूल में बस्तामुक्त दिवस पर हुई विविध गतिविधियां

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में शनिवार को बस्तामुक्त दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया गया। इसके तहत मुख्य रूप से संस्कृत विषय पर आधारित अधिगम शिक्षण सामग्री निर्माण, छठ पूजा पर्व पर चर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार पर तात्कालिक निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। इसके साथ ही स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चों द्वारा शाला के किचन गार्डन की साफ सफाई की गई। साथ ही अनेक प्रकार की सब्जियां जैसे लालभाजी, पालक, मूली, धनिया, मेथी एवं ग्वारफली का रोपण भी किया गया। इस दौरान शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित वरिष्ठ शिक्षिका सरस्वती साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चन्द्राकर, प्रशांत बघेल एवं साजन वर्मा उपस्थित रहे।

### बेरला-रायपुर मार्ग पर बढ़ी मटेरियल सप्लायरों की मनमानी, जिम्मेदार बेखबर



**बेमेतरा/बेरला।** पीडब्ल्यूडी विभाग की बेमेतरा सब डिवीजन अंतर्गत बेरला से राजधानी रायपुर को जोड़ने वाली सड़क पर इन दिनों मटेरियल सप्लायर्स एवं ट्रांसपोर्टरों का जबरदस्त आतंक देखने को मिल रहा है, जिसकी मनमानी का खामियाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। फिलहाल ताज़ा मामला बेरला से करीब 20 किलोमीटर दूर राजधानी रायपुर मार्ग पर स्थित ग्राम पिरदा के समीप का है, जहां पर एक ट्रांसपोर्टर द्वारा बिल्ड सप्लाई करने के दौरान बीच सड़क पर ही बड़ी मात्रा में बिना कारण से मटेरियल को गिरा दिया गया है। वहीं हैरानी की बात यह है कि इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को भी नहीं है, जिसके कारण बीच सड़क पर तीन-चार जगहों पर अकारण मटेरियल के होने से हादसे का खतरा काफी बढ़ गया है।

### सलौनी में तीन दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा आज से

**अंडा।** इगल इलेवन क्रिकेट क्लब एवं समस्त तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम सलौनी जिला बालोद में 10 नवंबर से किया जा रहा है। उद्घाटन आज गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह के मुख्यआतिथ्य में होगा, अध्यक्षता जनपद सदस्य अनिल सोनी करेंगे।

**धान खरीदी :** प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर राज्य के किसानों से 14 नवंबर से करेगी धान खरीदी

# इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से लेकर मिलिंग तक में रहेगी केंद्र की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के किसानों से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी 14 नवंबर से की जाएगी। इसके लिए महज कुछ ही दिन शेष हैं। कम समय होने के कारण अब किसानों की चिंता धान में नमी के प्रतिशत को लेकर है। शासन ने तय किया है कि यदि 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी धान में मिलेगी, तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वहीं, इस बार धान खरीदी से मिलिंग तक इस बार केंद्र सरकार की नजर रहेगी। पहली बार ऐसी मानिटिरिंग केंद्र स्तर पर होने जा रही है। केंद्र सरकार ने धान खरीदी व चावल परिवहन के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देश हैं कि सभी मिलर्स परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया है। परिवहन वाले सभी वाहनों के लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस भी लगाना जरूरी है। इसकी हर दिन मानिटरिंग की जाएगी। वाहनों में लोकेशन डिवाइस काम 5 नवंबर से शुरू करने के निर्देश हैं।

- किसानों को अच्छी तरह सुखाकर लाना होगा धान, 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी पर होगा रिजेक्ट



**दोषसिद्ध मिलरों के पंजीयन पर लगेगी रोक**

केंद्र सरकार के धान खरीदी की इस बार सख्त नियम से मिलरों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। खासकर ऐसे मिलर्स जो तीन साल के भीतर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत किसी अपराध में दोष सिद्ध पाए गए हैं, तो उनका पंजीयन किसी भी हालत में नहीं किया जा सकेगा। इस पर रोक लगा दी गई है। ऐसे सख्त नियम से कई मिलर बाहर भी हो सकते हैं।

### इस वजह से मॉनिटरिंग

सूत्रों के मुताबिक कस्टम मिलिंग पर भी केंद्र सरकार नजर रखने जा रही है। चूंकि समर्थन मूल्य केंद्र सरकार घोषित करती है और उसके आधार पर खरीदी होती है। ऐसे में धान खरीदी की मानिटरिंग इस बार केंद्र सरकार की तरफ से करने की तैयारी की जा रही है। इसका एक बड़ा कारण नियमित मानिटरिंग ⏭ शेष पेज 10 पर

## धान उपार्जन केंद्र बीजभाट पहुंचे कलेक्टर, तैयारियों का लिया जायजा

**अधिकारियों से कहा- धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने खरीफ फसल 2024-25 के दौरान धान उपार्जन केंद्र बीजभाट का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र पर पहुँचकर डमी किसान के माध्यम से धान उपार्जन की कम्प्यूटर प्रक्रिया को समझा और उसकी बारीकियों की जानकारी ली।कलेक्टर श्री शर्मा ने किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी केंद्र पर छाया, पानी, और बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि शौचालय की सफ़ाई की स्थिति संतोषजनक नहीं थी, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल बेहतर सफ़ाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके बाद उन्होंने बेरला के धान संग्रहण केंद्र का भी अवलोकन किया। चबूतरा आदि व्यवस्थित एवं सफाई के निर्देश दिए। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेरला पिंकी मन हर जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, डिप्टी रजिस्टर कॉपरेटिव बसंत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी साथ थे।

## 8 सूत्रीय मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

अपनी 8 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने शुक्रवार तहसील कार्यालय के सामने एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। वहीं, रैली निकालकर अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सौंपा। शासकीय कर्मचारी घोषित करने, समूह बीमा योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति, महंगाई भत्ता, पदोन्नति, प्रतिमाह रसोई गैस रिफिलिंग सुनिश्चित करने सहित अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का जोरदार आयोजन किया गया । आयोजित धरना को आंगनबाड़ी संघ के पदाधिकारियों ने संबोधित करते अपनी मांगे पूरी नहीं किए जाने को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किए।



### ड्रेस कोड की अनिवार्यता हो खत्म

अपने प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने कहा कि उन पर ड्रेस कोड की अनिवार्यता खत्म की जाए अथवा सुपरवाइजरों पर भी ड्रेस कोड लागू किया जाए। कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि ड्रेस कोड लागू किया जाता है तो फिर कपड़ों के साथ सिलाई और धुलाई का भत्ता भी दिया जाए। अपने प्रदर्शन के दौरान और सहायिकाओं ने शहर में रैली निकाली और नारेबाजी करते अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा है। वहीं मांगे पूरी नहीं होने पर देश की राजधानी दिल्ली में जाकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### मांगें पूरी नहीं होने पर आक्रोश

प्रदर्शनकरियों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन के मध्यम से शासन और प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन, उनकी मांग पूरी नहीं हो रही है। पिछली बार 43 दिन हड़ताल की गई थी, लेकिन उनकी सभी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई।

## सिरपुर हाइक में शामिल होने के लिए रवाना हुए जिले के स्काउट-गाइड



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के अदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी, पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉक्टर कमल कपूर बंजारे के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन 8 से 10 नवंबर तक स्थान जलकी सिरपुर जिला महासमुंद में किया जा रहा है। जिला सचिव सत्यनारायण साहू, जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र लोधी के मार्गदर्शन में जिला बेमेतरा के विभिन स्कूलों से स्काउट 15, गाइड 14, 1 स्काउटर, 01 गाइडर कुल 31 सदस्यों का दल जिला प्रभारी स्काउट डॉ धर्मेंद्र वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा, जिला प्रभारी गाइड वंदना लावातरे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला के नेतृत्व में शिविर के लिए रवाना हुए। रवानगी के समय जिले के उद्धव साहू, गौकरण पाटिल, ऋषभ राजपूत, लक्ष्मनी साहू स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।


## धमकी दिए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थाने पहुंची छात्रा

## नांदघाट महाविद्यालय के स्थान परिवर्तन का मामला गरमाया, छात्र-छात्राओं को धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नांदघाट

नांदघाट महाविद्यालय के स्थान परिवर्तन को लेकर गरमाया मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। स्थान परिवर्तन के लिए हुए विरोध प्रदर्शन करने वाली छात्रा को अज्ञात आरोपियों ने धमकी दी है, जिसकी शिकायत छात्रा ने नांदघाट थाने दी है। लेकिन नांदघाट पुलिस ने मामले से पल्ला झाड़ते हुए कार्रवाई करने की जगह छात्रा को न्यायालय में शरण लेने की सलाह दी है। दरअसल छात्रा कविता वैष्णव पिता दिलहरण वैष्णव उम्र 18 साल को 04 नवम्बर की शाम करीबन 05 बजे नांदघाट के अलग-अलग जगहों पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा और महाविद्यालय के छात्र कुंदन को धमकी दी कि कॉलेज के मामले से तुम लोग हट जाओ।

**पुलिस ने झाड़ा पल्ला कार्रवाई की बजाय न्यायालय में शरण लेने की दी सलाह**



उल्लेखनीय है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय नांदघाट का ग्राम अमोरा स्थानांतरण के संबंध में उक्त छात्रों के साथ पूरे महाविद्यालय के अन्य छात्र व छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया था।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## फर्जी दस्तावेज के माध्यम से ऋण वितरण, कलेक्टर से हुई शिकायत

**बालोद।** ग्राम कुरदी निवासी ढालचंद देवांगन ने सेवा सहकारी समिति पिरिद कुरदी में वर्ष 2017-18 में 77,11,840 रूपए का फर्जी ऋण साख सीमा तैयार कर ऋण वितरण किये जाने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सेवा सहकारी समिति पिरिद कुरदी के अंतर्गत वर्ष 2017–18 में अध्यक्ष व प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक द्वारा 43 लघु कृषक को 2772620 रूपए एवं 8 सीमांत कृषक सदस्यों को 4939220 रूपये इस प्रकार कुल 51 सदस्यों को 7711840 रूपये को कार्यवाही पंजी में प्रबंधकारिणी की कमेटी में बिना प्रस्तुत किये 51 सदस्यों को ऋण वितरण किया गया है। जबकि प्रबंधनकारिणी की बैठक में संस्था की ऋण सीमा की राशि वितरण सहित पारित कराकर स्वीकृति के लिए शाखा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग को भेजा जाता है, जो कि समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक की कीर्य शैली पर संदेह प्रकट करता है, इसमें से 1 कृषक सदस्य का 3 एकड़ जमीन नहीं है उसे 19 एकड़ 25 डिसमिल का और दूसरा का ग्राम कुरदी में जमीन 0.70 डिसमिल है उसे 5 एकड़ 25 डिसमिल का ऋण वितरण किया गया है। आवेदक ने दोनों किसानों के नाम सहित शिकायत पत्र में जानकारी दी है।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]

डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

प्रवेश का अंतिम चरण
अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024



महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
8370077700, 7024125200

World Class Infrastructure | Best Sports Complex & Facilities | Hostel and Transport Facility | Highly Equipped Laboratories | Rich library with 5000 Books | Green and Hi-tech Campus | Qualified and Experienced Faculties | 108 beded Parent Hospital


नि: शुल्क पंजीयन व परामर्श प्रपत्र हेतु स्कैन करें

LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY

JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES

www.leelasgroup.com

## खबर संक्षेप



### हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** रेसिडेंट कॉपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार रायपुर के सदस्य हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर कुंदन कुमार को कॉलोनी की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देने पहुंचे। सदस्यों ने बताया कि परिसर का बाउंड्रीवॉल अधूरा है, कमर्शियल कांप्लेक्स नहीं बनाया गया है, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है, क्लब हाउस की सुविधा अब तक नहीं मिली, सेंट्रल गार्डन बारिश में पानी में डूब जाता है। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हैं। आयुक्त ने गंभीरता से उनकी समस्याएं सुनीं और एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीराम चौधरी, सचिव योगेश अग्रवाल, प्रवक्ता मुकेश मिश्रा, सदस्य देवेंद्र सिंह, आशुतोष दुबे, रामगोपाल वशिष्ठ, सीबीएल साहू, अमीरा राणा, टी. खलखो, स्निग्धा महापात्र, आरती दुबे शामिल थे।

### यशस्वी को रविवि से पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** सेंट विंसेज पैलोटी कॉलेज कापा रायपुर के शिक्षा विभाग में बतौर प्राध्यापक कार्यरत



यशस्वी लोणकर को रविवि ने शिक्षा विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का शीर्षक इफेक्ट ऑफ प्लांड इंटरवेंशन प्रोग्राम ऑन ट्रांसफोबिया ऑफ हाईस्कूल स्टूडेंट्स रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य कल्याण कॉलेज भिलाई की पूर्व उपप्राचार्य डॉ. पुष्पलता शर्मा के निर्देशन में किया।

### कोल ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े 17 लाख की ठगी

**रायपुर।** गंज थाने में एक व्यक्ति ने कोल ट्रेडिंग के नाम पर तीन लोगों के खिलाफ 17 लाख 53 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजेश सिंह की शिकायत पर संजय, शशांक तथा संध्या पाण्डेय के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। बृ जेश ने पुलिस को बताया कि तीनों ने वर्ष 2021 में कोल ट्रेडिंग के नाम पर फर्म तैयार कर उससे कोल आपूर्ति करने कैश दो लाख रुपए तथा 14 लाख 90 हजार रुपए ऑनलाइन रकम ट्रांसफर कराई। रकम देने के बाद आरोपियों ने बृजेश सिंह को कोल आपूर्ति नहीं की।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**रायपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने जागरूकता रथ एवं नाटक के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों में भी विविध रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।


# चपटी नाक और झुके हुए कान, दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे को डाक्टरों ने दिलाई राहत

## इलाज के लिए एम्स के शिशुरोग विभाग में लेकर आए थे माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

चपटी नाक और झुके हुए कान की वजह से सामान्य बच्चों से अलग दिखने वाले मासूम का इलाज कर एम्स के डाक्टरों ने राहत दिलाई है। यूपी में रहने वाले माता-पिता उसे शिशु रोग विभाग में लेकर आए थे। जांच के दौरान उसे वुल्फ-हिर्शहॉर्न सिंड्रोम नामक आनुवांशिक विकार से पीड़ित पाया गया था। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी काफी दुर्लभ होती है और पचास हजार में एक बच्चा इससे पीड़ित होता है। सामान्यतः इस बीमारी की वजह से बच्चे का जन्म के पहले मस्तिष्क अथवा अन्य अंगों का विकास नहीं हो पाता। पीड़ित सामान्य बच्चों की तुलना में अलग दिखता है, जिसकी वजह से कई बार वह उपेक्षा का शिकार भी हो जाता है। शिशु रोग विभाग में आए पीड़ित बच्चे की जांच के बाद इस बीमारी का पता चला। इसके साथ ही वह हृदय संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित था। शिशु रोग विशेषज्ञ डा. तुषार बी. जगतापे और साइटोजेनेटिक्स लैब की प्रोफेसर डॉ. मनीषा बी. सिन्हा की कोशिशों के बाद मरीज को राहत मिली। बाल रोग विभाग की डॉ. तृप्ति सिंह ने बताया कि इस बीमारी का इलाज मरीज की समस्याओं से संबंधित लक्षण के आधार पर किया जाता है। साइटोजेनेटिक्स लैब में अब तक 140 मरीजों का परीक्षण किया गया है। वहां की रिपोर्ट के आधार पर डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम और बैलेंस्ड ट्रांसलोकेशन्स सहित विभिन्न तरह की जन्मजात बीमारियों का इलाज किया गया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. रेनू राजगुरु ने बताया कि एआईआईएमएस रायपुर में साइटोजेनेटिक्स लैब विशेष सेवाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जो आनुवांशिक और गुणसूत्रीय विकारों के निदान और उपचार में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाती है।



### वायरोलॉजी लैब का भूमिपूजन

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जैव-सुरक्षा स्तर-3 वायरोलॉजी लैब के भूमिपूजन के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस लैब को आईसीएमआर द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने किया। यह लैब माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संचालित होगी और उन्नत वायरस अनुसंधान में सहयोग करेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने एंटीवायरल दवाओं के विकास में इसकी क्षमता को रेखांकित किया, वहीं लैब इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. संजय नेगी ने सुरक्षित वातावरण में वायरस अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। यह लैब वायरल खतरों से निपटने की क्षमता को और मजबूत बनाने में मददगार साबित होगी।

## व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को बना दिया गोदाम निगम ने किया सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत रवि नगर में निर्मित व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को गोडाउन बनाकर उपयोग किया जा रहा था। इस मामले में निगम ने गोडाउन को सीलबंद करने की कार्रवाई करते हुए भवन मालिक को नोटिस जारी किया है। दरअसल शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा इस क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान कैलाश टॉवर व्यावसायिक परिसर में पार्किंग की जगह पर गोडाउन बना देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को गोडाउन को तत्काल सीलबंद करने के निर्देश दिए, साथ ही भवन मालिक को नोटिस जारी करने कहा।

### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी शहर का निरीक्षण करें और देखें कि इस तरह से अन्य किसी व्यावसायिक परिसर में पार्किंग स्थल का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। अगर कहीं हो रहा है तो उस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीते साल से 25 फीसदी तक फसल खराब इसलिए कीमत ज्यादा

# बंगाल से 29 रुपए में आ रहा है आलू, थोक में 30, चिल्हर में 40 से 45 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आलू की कीमत में लंबे समय से आग लगी हुई है। इसके पीछे का कारण बंगाल से आलू की आवक पर रोक रही। अब वहां से आवक पर रोक हटी गई है, पर कीमत कम नहीं हो रही है। हरिभूमि ने बंगाल के कुछ कारोबारियों से बात की, तो मालूम हुआ कि फसल कम होने के कारण इस बार कीमत ज्यादा है। बंगाल से रायपुर आलू 29 रुपए में आ रहा है। थोक कारोबारी तो महज एक रुपए का मुनाफा लेकर इसे 30 रुपए किलो के हिसाब से बेच रहे हैं, लेकिन चिल्हर का कोई माईबाप नहीं है। यह शहर में 40 से 45 रुपए में बिक रहा है। आलू की कीमत आमतौर पर चिल्हर में 20 रुपए के आस-पास रहती है। लेकिन बीते चार माह से इसकी कीमत 40 रुपए के पार है। पहले कीमत ज्यादा होने का कारण यह रहा कि बंगाल सरकार ने बंगाल से बाहर दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर रोक लगा दी थी। ऐसे में बंगाल से आलू आ रहा था, लेकिन यह चोरी-छुपे आने के कारण ज्यादा कीमत पर आ रहा है, लेकिन अब रोक हटने के बाद भी कीमत कम नहीं हो रही है।



### बंगाल में कीमत 27 रुपए

छत्तीसगढ़ में बंगाल के साथ उप्र से आलू आता है। रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग में बंगाल का आलू पसंद किया जाता है। यहां पर बंगाल से ही आलू आता है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र का गोला और पहाड़ी आलू पसंद किया जाता है। बंगाल से आने वाला आलू इस समय वहां से रायपुर आकर 29 रुपए किलो पड़ रहा है। बंगाल के कुछ थोक कारोबारियों से हरिभूमि ने बात की, तो उन्होंने बताया, इस समय बंगाल में बीते साल से 25 फीसदी कम होने के कारण कीमत इस समय 27 रुपए किलो है। छत्तीसगढ़ के रायपुर तक दो रुपए किलो भाड़ा लगता है।

### चिल्हर में भारी मुनाफाखोरी

बंगाल ने यहां पर भनपुरी की थोक मंडी में आने वाला 29 रुपए का आलू कारोबारी 30 रुपए के हिसाब से तीन हजार रुपए क्विंटल बेच रहे हैं। 40 किलो की बोरी 12 सौ में बेची जा रही है। लेकिन चिल्हर कारोबारी इसको 40 से 45 रुपए में बेच रहे हैं। शास्त्री बाजार सहित कुछ बड़ी सब्जी मंडी में आलू 40 रुपए में मिल रहा है, लेकिन छोटी सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में यह 45 रुपए किलो में बिक रहा है। चिल्हर कारोबारी कहते हैं, हम भनपुरी जाकर तो एक बोरी नहीं ला सकते हैं। इसलिए आस-पास के थोक कारोबारियों से लेते हैं। वहां से हमको 34 से 35 रुपए में आलू मिलता है। एक बोरी में तीन से पांच किलो आलू खराब भी निकल जाता है। ऐसे में इसको 40 रुपए में बेचना संभव नहीं होता है।

### फसल खराब हुई

बंगाल में इस समय आलू की कीमत 27 रुपए है। फसल खराब होने से कम फसल होने के कारण कीमत ज्यादा है।

\- सीबू प्रसाद दत्ता
थोक कारोबारी, कोलकाता, बंगाल

## कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मकान कब्जा करने की बात को लेकर मारपीट, घर में बेजा प्रवेश कर तोड़फोड़ करने के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट भारती कुलदीप के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने कारोबारी परिवार के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 34, 427, 448 तथा 451 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिविल लाइंस स्थित कटेला भवन निवासी प्रशांत कटेला की शिकायत पर पुलिस ने टैगोर नगर निवासी मुकेश भंसाली के साथ जयंती, राजेंद्र, संजय, गौरव, सिद्धार्थ, अंकित, सौरभ तथा छोटू भंसाली के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रशांत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष 31 मई को मुकेश तथा उसके परिवार के सदस्य लाठी-डंडे से लैस गुंडे लेकर उसके घर पहुंचे थे और घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही लोगों के साथ मारपीट करते हुए जगह खाली करने के लिए कहा।

- प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने अपराध दर्ज किया

### कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में फरियाद

घटना के बाद प्रशांत ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने सीएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों को पत्र लिखा। बावजूद इसके किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। साक्ष्य के रूप में प्रशांत ने मोबाइल से बनाया वीडियो कोर्ट के सामने पेश किया।

# 11 एएसपी और 25 डीएसपी का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग ने 11 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के साथ ही 25 डीएसपी स्तर के पुलिस अफसरों का शुक्रवार को तबादला आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया गया है, उनमें उन पुलिस अफसरों के नाम भी शामिल हैं, जो पिछले दिनों डीएसपी से एएसपी के पद पर प्रमोट हुए हैं।




राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक जिन 11 अतिरिक्त पुलिस अधिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें मेघा टेंभुरकर का पुलिस मुख्यालय से दुर्ग अमलेश्वर, उमेश कश्यप बिलासपुर से जांजगीर चांपा, शैलेंद्र कुमार पांण्डेय बलरामपुर से धमतरी, गरिमा द्विवेदी बीजापुर से गरियाबंद, मोनिका ठाकुर कोरिया से बालोद, रिचा मिश्रा दुर्ग से ट्रैफिक एएसपी दुर्ग, राजेंद्र जायसवाल जांजगीर चांपा से बिलासपुर, निमिषा पांण्डेय बगीचा से सारंगढ़, यूलैंडन यार्क बागबाहरा से बीजापुर, उदयन बिहार डीएसपी बिलासपुर से एएसपी बिलासपुर, दिनेश कुमार सिन्हा बीजापुर से कांकेर।

### इन उप पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर

जितेंद्र खुंटे बलरामपुर से चांपा, रागिनी मिश्रा धमतरी से कुरुद, इरफान हसन काजी बिजापुर से चंद्रखुरी, अकीक खोखर बीजापुर से महासमुंद, ललिता मेहर रायपुर से महासमुंद, रमेश चंद्र रायगढ़ से खैरागढ़ छुही खदान गंडई, मंजू लता बाज महासमुंद से जशपुर, मिलिंद पांण्डेय महासमुंद से बागबाहरा, दिलीप कोसले बस्तर से जशपुर, अरुण नेताम सूरजपुर से कोंडागांव, मयंक तिवारी मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी से मुंगेली, सतीश ठाकुर दुर्ग से नया रायपुर, रश्मित कौर चावला बिलासपुर से मुख्यालय बिलासपुर, कविता ठाकुर कोरिया से जांजगीर चांपा, सुमित गुप्ता सुकमा से शक्ति, शिवचरण सिंह परिहार बिलासपुर से ट्रैफिक बिलासपुर, आकर्षि कश्यप राजनांदगांव से दुर्ग, अखिलेश कौशिक रायगढ़ से कबीरधाम, मोनिका सिंह परिहार कबीरधाम से सहायक सेनानी कबीरधाम, संजय तिवारी कबीरधाम से सकरी बिलासपुर, अमरनाथ सिदार कांकेर से गृह मंत्री सुरक्षा, निमितेश सिंह बिलासपुर से कबीरधाम, आशीष शुक्ला रायपुर से कबीरधाम, सतीश धुर्वे कबीरधाम से दुर्ग, साधना सिंह मुंगेली से रायगढ़।

## प्रत्याशियों में किसी को सिलेंडर-गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा व रूम कूलर मिला चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह के रूप में कई निर्दलीय सहित राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को घरेलू वस्तुओं के साथ आवश्यक उपकरण के चित्र आबंटित किए गए हैं। इनमें किसी को गैस सिलेंडर, किसी को गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा एवं रूम कूलर का चिन्ह मिला है। इसके अलावा बाल्टी, कांच का गिलास, प्रेशर कुकर, एयरकंडीशनर, लैपटाप आदि जैसे चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं।

13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह नामांकन वापसी के बाद ही आबंटित कर दिया गया था। उपचुनाव में इस बार कुल 30 प्रत्याशी खड़े हुए हैं। इनमें भाजपा-कांग्रेस के अलावा 10 विभिन्न राजनीतिक दलों के तथा 18 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त पार्टी में भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पहले से तय हैं। वहीं पंजीकृति राजनीतिक दलों के 10 प्रत्याशियों में राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म, सर्वआदि दल को एयरकंडीशनर, राइट टू रिकॉल पार्टी को प्रेशर कूकर, धू सेना को अंगूठी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी को कलम की निब सात किरणों के साथ, हमर राज पार्टी को बाल्टी, सुंदरसमाज पार्टी को कांच का गिलास, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी को गन्ना किसान, शक्ति सेना को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह मिला है।

### निर्दलियों को ये चिन्ह आवंटित

इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशियों को गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बांसूरी, फव्वारा, हीरा, नागरिक, लिफाफा, ट्रक, बैटरी टार्च, लैपटॉप, ऑटो रिक्शा, दूरबीन, सीसीटीवी कैमरा, हाण्डी, रूम कूलर, तरबूज, स्टाम्प्स, पानी का जहाज एवं शतरंत बोर्ड चुनाव चिन्ह मिला है।

# अवैध दुकानों पर निगम सख्त, महादेवघाट से 10 एवं अमलीडीह रोड से एक हटाई गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के बाद नगर निगम प्रशासन ने अब निजी एवं शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर संचालित करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शहर के महादेव घाट के पास निजी भूमि पर अवैध रूप से दस दुकानों का निर्माण किया गया था, वहीं अमलीडीह मुख्य मार्ग पर शासकीय भूमि पर एक कबाड़ी की दुकान खुल चुकी थी। निगम की टीम ने शुक्रवार को इन सभी अवैध दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

### 3 नोटिस के बाद तोड़ी गईं दुकानें

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि महादेव घाट के नजदीक एक व्यक्ति ने अपनी 6420 वर्गफीट निजी भूमि पर 10 दुकानों का निर्माण निगम की अनुमति बिना कराया है। निगम ने इस संबंध में दुकान मालिक को निवेश विभाग से 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी दुकानदार ने न ही दुकानों को वैध कराने के लिए कोई प्रक्रिया का पालन किया और न ही दुकानों को स्वतः हटाने की कार्रवाई की। टीम ने इस मामले में अब नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।

### *शासकीय भूमि पर संचालित की जा रही थी कबाड़ी की दुकान*

*इसी प्रकार अमलीडीह मुख्य मार्ग पर भी एक कबाड़ी कारोबारी ने शासकीय भूमि पर जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से वहां कबाड़ी की दुकान खोलकर ली थी। यह दुकान पिछले कई महीनों से संचालित थी। जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि शासकीय भूमि पर कबाड़ी की दुकान संचालित करने की जानकारी मिलते ही इस दुकान को तत्काल हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर डेयरी का भी संचालन किया जा रहा है। इस डेयरी का 25 प्रतिशत भाग शासकीय भूमि पर संचालित है। इसे देखते हुए संचालक को नोटिस जारी कर 20 दिन के भीतर डेयरी स्वयं से हटाने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा में संचालक द्वारा डेयरी नहीं हटाने पर निगम की टीम इसे भी तोड़कर हटाने की कार्रवाई करेगी।*

पेज 9 का शेष...

### इस बार समर्थन...

नहीं किए जाने से धान खरीदी और मिलिंग में होने वाली गड़बड़ियां हैं। **इस बार इस तरह होगा भौतिक सत्यापन-** धान खरीदी के बाद इस बार कड़े नियम में राज्य और एफसीआई के अधिकारियों को संयुक्त रूप से खरीदी केंद्र संवाहण केंद्र और राईस मिलों का भौतिक सत्यापन करना है। मिल में भौतिक सत्यापन के लिए एसओपी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करना है। इसमें चेक लिस्ट और वीडियोग्राफी भी जरूरी कर दिया गया है। इसके अलावा राईस मिल के मालिकों द्वारा हर महीने जमा कुल सीएमआर की एंट्री करनी होगी। इसकी डाटा एपीआई के माध्यम से सीएफपीपी यानी सेंट्रल फूड प्रिक्योरमेंट पोर्टल में उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

## बैज बोले- जीएसटी दस्तावेज जांच के नाम पर सरकार व्यापारियों को कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जीएसटी दस्तावेज की जांच के नाम पर भाजपा सरकार व्यापारियों का भयादोहन कर रही है। 1.50 करोड़ से ज्यादा से टर्न ओवर वाले व्यापारियों के दस्तावेजों की जांच भाजपा सरकार का व्यापारी विरोधी रवैया है। भाजपा सरकार व्यापारियों को टैक्स चोर समझ रही है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान कर रही है। यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। भाजपा सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों के दिए जाने वाले टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है, उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है।

श्री बैज ने कहा, लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे डलवाए हैं। पहले सरकार द्वारा उनको परेशान करने ईवे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया था। अब व्यापारियों की दस्तावेजों की जांच कर रही है। पंजीयन के समय सभी दस्तावेज जांच कर पंजीयन कराया गया था फिर नए पंजीयन क्यों। कांग्रेस, सरकार के इस कदम का विरोध करती है। यह सरकार व्यापारी विरोधी सरकार है।



### भाजपा सरकार व्यापारी विरोधी

श्री बैज ने कहा, भाजपा की सरकार लगातार व्यापारी विरोधी निर्णय ले रही है। जमीनों के फ्री-होल्ड को बंद कर दिया, गाईड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया, जीएसटी की जांच के नाम पर छापेमारी कर व्यापारियों को परेशान करना शुरू किया गया। उद्योगों की बिजली के दाम में बढ़ोतरी की गई।

## विमानतल पर मुलाकात कर 80 करोड़ की योजना को मंजूरी देने की रखी मांग

# रिंग रोड एक के लिए मूणत ने गडकरी से मांगा साढ़े 10 मीटर चौड़ा सर्विस रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच रिंग रोड एक के लिए साढ़े दस मीटर चौड़ा सर्विस रोड करने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है। डिप्टी सीएम तथा पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को माना विमानतल पर एक ज्ञापन देकर सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए 80 करोड़ रुपए की योजना की मंजूरी की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि 30 वर्ष पहले बने रायपुर के रिंग रोड-1 के किनारे का बड़ा हिस्सा विगत वर्षों में कामर्शियल एरिया के रूप में डेवलप हो चुका है। इस सड़क के दोनों किनारों पर बड़े कांप्लेक्स, शादी घर, शोरूम तथा कई मार्केट तो हैं ही, दोनों ओर घनी आबादी बस चुकी है। इस आबादी का एकमात्र सहारा रिंग रोड-1 के दोनों किनारों पर बना सर्विस रोड है, जो अधिकांशतः पांच-पांच मीटर ही चौड़ा है। जिसके कारण जाम की स्थिति तो बनती ही है, हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। श्री मूणत ने बताया, इस सड़क पर अग्रसेन धाम टर्निंग, कृषि विवि टर्निंग, आर्चब्रिज टर्निंग, कटोरातालाब टर्निंग, संतोषीनगर टर्निंग, कुशालपुर टर्निंग, रायपुरा टर्निंग, भाठागांव टर्निंग और पचपेड़ीनाका टर्निंग में ट्रैफिक के हालात बुरी तरह बिगड़ चुके हैं। यहां लोगों को राहत देने के लिए अंडरब्रिज आदि बने हैं, लेकिन ट्रैफिक दबाव के समय ये नाकाफी साबित होने लगे हैं।



### सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी

श्री मूणत ने बताया, सर्विस रोड औसतन 5-5 मीटर ही चौड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों सर्विस रोड की चौड़ाई 3.5-3.5 मीटर बढ़ा जाती है, तो सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी। अगर चौड़ाई बढ़ाने के बाद दोनों ही सर्विस रोड को वन-वे कर दिया जाएगा तो ये सुविधाजनक होने के साथ-साथ आकर्षक भी लगेंगी।

# भिलाई इस्पात संयंत्र की मोडेक्स इकाइयों ने ढाला रिकार्ड फौलाद

## वित्तीय वर्ष में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन, बीएफ-8 ने 1.58 एमएल टन व बीआरएम का 5.68 मिलियन टन उत्पादन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है । सभी मॉडेक्स इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस 8, स्टील मेल्टिंग शाप 3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड राड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट–3 ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस द्वारा अप्रैल,अक्टूबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया।

संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट ब्लास्ट फर्नेस–8 ने अप्रैल से अक्टूबर अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ हाट मेटल उत्पादन 1.58 मिलियन टन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023–24 की इसी अवधि अप्रैल–अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.57 मिलियन टन को पार किया। स्टील मेल्टिंग शाप 3 ने सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 2.04 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.99 मिलियन टन से अधिक है। इसके अंतर्गत पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल–अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.32 मिलियन टन की तुलना में बिलेट्स का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.33 मिलियन टन शामिल है। बार एंड राड मिल ने भी अप्रैल से अक्टूबर अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.68 लाख टन दर्ज कर, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.64 लाख टन को पार किया।

### यूआरएम ने बनाया रिकार्ड रांग रेल

यूनिट यूनिवर्सल रेल मिल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्राइम रेल उत्पादन 4.88 लाख टन दर्ज किया। इसके तहत अब तक का सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 4.71 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल–अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.54 लाख टन से कहीं अधिक है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) से लांग रेल उत्पादन सहित संयंत्र द्वारा कुल लांग रेल उत्पादन, पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की इसी अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.41 लाख टन की तुलना में अब तक का उच्चतम उत्पादन 5.80 लाख टन दर्ज किया गया। लांग रेल की कुल लोडिंग 5.80 लाख टन दर्ज की गई, जो कि इस अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा। आरएसएम द्वारा दर्ज लांग रेल की अब तक की उच्चतम लोडिंग 1.06 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 87,141 टन से कहीं अधिक है।



### आरएमपी -3 का 3.72 लाख टन कैल्साइंड डोलोमाइट

मॉडेक्स इकाई आरएमपी 3 ने अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के लिए लाइम और कैल्साइन्ड डोलोमाइट का 3.72 लाख टन उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.93 लाख टन को पार किया। अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिष्ड स्टील उत्पादन 2.729 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि वित्तीय वर्ष 2023–24 की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.728 मिलियन टन से अधिक है।

## खबर संक्षेप



### कलश स्थापना और दीपयज्ञ का आयोजन

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक होने वाले 24 कुण्डली महायज्ञ, शक्ति सवंर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन के लिए प्रचार-प्रसार गांव-गांव में किया जा रहा है। पाटन क्षेत्र के 51 गांव में कलश स्थापना किया जा चुका है। सभी गांव में जाकर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ आमालोरी अशोक सिंह राजपूत, संयोजक खेमलाल साहू, सह संयोजक अजय सिंग ठाकुर, संजय यदु के द्वारा ग्राम पतोरा के रावण भांठा दुर्गा मंच पर हरीश चंद्र सोनकातर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ पतोरा के मार्गदर्शन में दीप प्रज्जवलित कर घर-घर में कलश स्थापना की शुरुआत की गई।

### दुर्घटना की आशंका

**भिलाई ।** कोहका तिराहा की मुख्य गली में स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरा पसरा हुआ है। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दोपहिया चालक किनारे नाली में गिर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने निगम से स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग की है। गली के किनारे नाली और नुकीला पत्थर हो ने से आने जाने के दौरान लोग चोटिल भी हो रहे हैं।

## आधुनिक खेती से किसान आत्मनिर्भर होकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे

# खेती में धान मिंजाई के परंपरागत साधन विलुप्त, हार्वेस्टर का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ में आधुनिक खेती और समितियों के द्वारा धान खरीदी से किसान आर्थिक रूप से संबल हो रहे हैं। साथ ही आधुनिक खेती करने से जहां पुराने खेती के साधन विलुप्त हो रहे हैं, लेकिन आधुनिक खेती के संसाधनों का उपयोग करने से उत्पादन लागत में कमी आने से खेती करने वाले किसान आर्थिक रूप से मजबूत होने लगे हैं और अब खेती के लिए विभिन्न सुविधाओं जैसे ट्युब वेल, सोलर ट्युब वेल अपनाने लगे हैं। पाटन क्षेत्र के लोग राजनीतिक क्षेत्र व पढ़ाई लिखाई की दृष्टि से पहले से ही अत्यंत जागरुक है। लेकिन अब यहां के किसानों ने भी जागरुकता दिखाकर मिशाल कायम किया है। आधुनिकता के साथ परंपरागत के बीच समन्वय स्थापित कर सरकार के विभिन्न सुविधाओं के बावजूद किसान दर्जनों परेशानियों के बीच खेती कर रहे हैं। लेकिन कुछ समस्याओं को लेकर लगातार किसान परेशान हो रहे हैं और इस परेशानी के बाद भी किसान धान के लिए आधुनिक खेती अपनाने से किसानों को आर्थिक संबलता मिल रही है। खेती जमीन में प्लांटिग करने से पानी आने के वाटर कोश बंद हो रहे हैं इससे पानी खेतों तक पहुंचने में बहुत दिक्कत हो रही है। शहरों के अधिक पैसे वाले जमीन खरीदकर घेरा करने से किसानों को खेत आने जाने के रास्ते बंद कर रहे हैं। इससे धान लाने ले जाने में बहुत परेशानी हो रही है। पैरे को मिट्टी में दबाने से पर्यावरण प्रदूषण भी नही होगा और धान उत्पादन के लिए खेतों को नेचुरल खाद भी मिल जायेगा।

### किसान पर्यावरण के प्रति हुए सजग



### किसान पैरे का कर रहे सही उपयोग

किसान आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने से खेतों के उत्पाद का सही उपयोग कैसे करे यह परेशानी बन गया है। हार्वेस्टर और थ्रेशर से मिंजाई कार्य करने से खेत में ही पैरा छूट जाता है। किसान उस पैरे को आग लगा देते थे, लेकिन उससे उठने वाले धुएं ठंड होने के कारण नमीयुक्त होकर ऊपर नही उठ पाते थे और आसपास नीचे ही फैल जाते थे । इससे वातावरण प्रदूषित होना शुरु हो गया था इसी बात को ध्यान रखकर किसानों ने अपने पैरे का सही उपयोग करना शुरु कर दिया है। सेलूद के किसानों ने बताया कि मेरे घर में बहुत से जानवर है उसके लिए पैरे की कुट्टी व्यवस्था करने के बाद बचे हुए पैरे को मिट्टी के साथ दबाकर खाद बनाते हैं जिससे खेतों में वर्षा के पहले डालते हैं जिससे उत्पादन में बढोत्तरी हो रही है। ग्राम मुडपार के कृषक नरसिंग यादव ने बताया कि आधुनिक खेती आने से खेतों में पैरा छूट जाता है लेकिन घर में जानवर होने के कारण बाद में सभी पैरा को बैलगाड़ी से घर में ढुलाई करते हैं।

### चावल खाद्य सुरक्षा का वाहक बनेगा

चावल भविष्य का खाद्यान है और यही खाद्य सुरक्षा का वाहक बनेगा। यह कहना है कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के पास आराम करने का वक्त नहीं है। उन्हें चावल की ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो पर्यावरण में हो रहे बदलावों के अनुकूल हों और जिससे चावल का उत्पादन बढ़ सके। स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का जनक माना जाता है। परंपरागत चीजें विलुप्त होती जा रही है। पहले मिंजाई के लिए बेलनगाड़ी का उपयोग करते थे उनका स्थान ट्रैक्टर ने लिया अब ट्रैक्टर से भी मिंजाई बहुत कम हो गई है उसके स्थान पर धान काटने खलिहान तैयार करने और मजदूरों की कमी को ध्यान में रखकर किसान खेत में ही खरही लगाकर आधुनिक मशीन थ्रेशर से मिंजाई करने लगे हैं। साथ ही किसानों के द्वारा हार्वेस्टर के द्वारा भी धान मिंजाई का कार्य करने लगे हैं। इन आधुनिक उपकरणों से जहां समय कम लगता है वहीं उत्पादन लागत भी कम आती है लेकिन इसमें पैरे की प्रमुख समस्या उत्पन्न होती है। कुछ किसान अपने ट्रैक्टर या बैलगाड़ी से जानवरों को खिलाने के लिए पैरे को अपने खलिहान तक ले जाते है लेकिन जिस किसान के पास जानवर नहीं है उन किसानों के द्वारा पैरे को खेत में जला दिया जाता था लेकिन अब किसानों में जागरुकता आई है। सरकार के द्वारा मनाही के बाद पैरे को अपने खेत में जलाने के बजाय खाद बनाने के उपयोग में लाया जा रहा है। यह जागृति किसानों में आई है यह पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

# स्वास्थ्य और आवासीय क्षेत्र में कर्मियों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ की कार्यसमिति की बैठक सेक्टर 9 यूनिय के कार्यालय में हुई। अध्यक्षता बीएमएस अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय ने की। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ कार्यालय सेक्टर 6 में सम्पन्न हुई ।बैठक में इस्पात मज़दूर संघ के अध्यक्ष तथा महामन्त्री अन्य पदाधिकारियों ने प्रमुख वक्ता बीएमएस नेता सुनील किदवई को शाल एवं श्रीफल भेंट किया । श्री किदवई ने सभी को साथ लेकर संगठन को मज़बूत करने के लिए कहा । उन्होंने कर्मचारियों के हित में कार्य करने का संदेश दिया। महामन्त्री चन्ना केशवलू ने यूनियन मान्यता के दो साल की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। बताया कि लाइसेंस में आवास की अमानत राशि 5 लाख को कम कर 2.5,लाख रूपये कराया गया, सेक्टर नौ हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजिस्ट के साथ 32 नए डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हुई और कर्मचारियों के लिए सेक्टर-7 एवम सेक्टर-4 मॉडल क्लब हेतु 1.5 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई। मरीजों का रेफरल प्रक्रिया का सरलीकरण कराया गया।टार फ़ेल्टिंग का कार्य 1500 से अधिक मकानों में कराया गया और आवास आवंटन नीति में संशोधन कर एस-1 वाले को NQ-4 एवं एस-6 वालों को एनक्यू 5 की पात्रता आदि कई कार्य कराए गए।

■ भिलाई इस्पात मजदूर संघ की कार्य समिति बैठक

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन,आईपी मिश्रा,डिल्ली राव, शारदा गुप्ता,जगजीत सिंह,सुधीर गडेवाल,विनोद उपाध्याय संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा,अनिल गजभिये,जोगिंदर कुमार,हरीशंकर चतुर्वेदी,भूपेन्द्र बंजारे,कोषाध्यक्ष रवि चौधरी सचिव ए वेंकट रमैया,संजय कुमार साकुरे,नागराजू,अखिलेश उपाध्याय,गंगा राम चौबे,प्रकाश सोनी,राजेंद्र सिंह ठाकुर,सह सचिव घनशयाम साहू,संतोष जगन्नाथ नाले ,भागीरथी चन्द्राकर,ईश्वर साहू उपस्थित थे ।

# छठ पर्व प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



लोक आस्था के महापर्व छठ का शुक्रवार को चौथा और अंतिम दिन रहा। बीती शाम, शीतला कल्याणी मंदिर, नेवई डैम, के तट पर श्रद्धालुओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह उगते सूर्य का अर्घ्य देकर यह महापर्व संपन्न हुआ। इसके अलावा रिसाली क्षेत्र के वीआईपी नगर तालाब, हिन्दनगर, शीलता तलाब मरोदा, मैंनोमेनट रुआबांधा के अनेक घाटों में गुरुवार और शुक्रवार को छठ पूजा पर भगवान भुवन भास्कर को प्रथम और सुबह दूसरा अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सुबह घाटों में पहुंचकर छठी मईया की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की और वहां उपस्थित जन समुदाय को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि छठ पर्व का सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं है। इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। यह पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है। अदरक, मूली, गाजर, हल्दी जैसी गुणकारी सब्जियों से अर्घ्य दिया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। साथ ही साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाता है, जो हमें विभिन्न बीमारियों से बचाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कमर तक पानी में डूबकर सूर्य की ओर देखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। आगे श्री चंद्राकर ने कहा प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ यह पर्व आंवला, मकोई, मूंगफली जैसे फलों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संदेश देता है। इतना ही नहीं, यह विटामिन डी की कमी को भी पूरा करता है। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, राकेश त्रिपाठी, अनुपम साहू, कंचन सिंग, पुरेन्द्र साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, रंजन सिन्हा, अजीत चौधरी, रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पार्षद टीकम साहू, जग्गू यादव, संतोष साव, शरद जैन, दीपक चौहान, अजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजेन्द्र रजक, काजू यादव, जगदीश सिंह, पवन जैन, मोती बुंदेला आदि उपस्थित थे।

### उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य समर्पित कर छठ महापर्व का किया समापन

**कुम्हारी।** कुम्हारी में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। बड़े तालाब में बने छठ घाटों पर सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, भक्तिमय माहौल में उषा ने नया रूप लिया। व्रतियों ने निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी मैया की आराधना की। व्रतियों ने ढोल - नगाड़े और पटाखों के शोर के साथ छठ पर्व उत्साह पूर्वक मनाया इसके पहले घाटों को दीप व फूलों से सजाया गया। महिलाओं ने ठेकुआ, पूड़ी और अन्य प्रसाद बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया।

# कुर्मी समाज के राजप्रधान ने चलाई अनोखी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



जया खुटियारे के पढ़ाई में अब कठिनाई नही आएगी। युगल किशोर आडिल राजप्रधान मनुवा कुर्मी समाज के राजप्रधान और राजेंद्र बघेल ने एक अनोखा मुहिम चलाया है। दोनों के द्वारा किया गया एक मानवता के कार्य को जनता नही भूल पाएगी। युगल किशोर आडिल ने बताया कि पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत तरीघाट की रहने वाली जया खुटियारे की पढ़ाई में आ रही थी कठिनाई जया खुटियारे बचपन से ही अपने दोनों पैरों से विकलांग है वे बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में माहिर है लेकिन जया की आगे की पढ़ाई में मुश्किलें आ रही थी। वहीं राजप्रधान युगल किशोर आडिल और राजेंद्र बघेल ने बताया कि जया खुटियारे गरीब परिवार से आते हैं इनकी गरीबी को देखा नही गया और लोगो से एक छोटी सी चंदा एकत्र कर जया के लिए 42000 रु जनता से एकत्र कर और सर्व समाज ने इनकी मदद किया जिसमें विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा अपने स्वेच्छा से अपनी राशि दान के रूप में दिए और जया को ट्राई सायकिल भेंट किया। जया विकलांगता को हरा कर वे खुशी खुशी ही कॉलेज जा सके। शासन और उच्चाधिकारियों से मांग कर रहे थे अपने बेटी जया खुटियारे के लिए ट्राई सायकिल की मांग की और इसे युगलकिशोर आडिल और राजेंद्र बघेल ने गंभीरता से लिया और जया खुटियारे को ट्राई सायकिल लोगो के द्वारा प्रदान किये और इस दीवाली के गिफ्ट के रूप में दिए।

### इन्होंने किया सहयोग

जया खुटियारे को राजेन्द्र बघेल, युगल किशोर आडिल, ओम प्रकाश, अशोक साहू, प्रेमलाल वर्मा, मुकेश वर्मा, मनोज वर्मा, डॉ. विनय साहू, सत्य मार्ग वेलफेयर सोसायटी, वशिष्ठ जोशी, चंद्रिका बघेल, गोपाल प्रदीप चंद्राकर, मनीष पटेल, नागेन्द्र यादव, तजेंद्र सिन्हा, धर्मेन्द्र वर्मा, सोहन देवांगन, भूपेश शर्मा, हेमंत बघेल, वीरेन्द्र ठाकुर, चंद्रशेखर देवांगन, अमित श्रीवास, जलज सावर्णी, संजू वर्मा, किशोर साहू, यादव समाज तरीघाट, पांडे मेडिकल, जस्सू वर्मा आदि ने सहयोग किया।

### प्लेसमेंट कैम्प 14 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 630 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 14 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक सोनाटा फाईनेंस लिमिटेड में 20, भारत फाईनेंस इंक्लूजन लिमिटेड में 110, माईंडलैब्ज मीडिया टेक प्राईवेट लिमिटेड में 200, क्वेस कॉर्प लिमिटेड में 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हो सकते हैं। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## जनता ट्रेड यूनियन काउंसिल के जिला उपाध्यक्ष बने गोलू कोशले



**बेमेतरा।** भारतीय जनता ट्रेड यूनियन काउंसिल के जिला उपाध्यक्ष पद पर गोलू कोशले नियुक्त किए गए। यह नियुक्ति यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष देवराम साहू की अनुशंसा पर की है। गोलू के उपाध्यक्ष बनाया जाने पर जिला मुख्यालय सहित अंचल में हर्ष व्याप्त है। मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ने वाले गोलू कोशले को जिम्मेदारी मिलने पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा, संगठन के जिला अध्यक्ष देवराम साहू, राजेश शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, गौरव साहू, विकाश तंबोली, कमलेश वर्मा, सन्तोष वर्मा, युगल देवांगन, कालू खिन्याली, धमेंद्र साहू, सौरभ, शर्मा, नीतू कोठारी, नीलू प्रवीण राजपूत, मोनू पाल, साहित्य ठाकर, प्रमेश साहू, दिनेश सिन्हा, राकेश गिल, महावीर खत्री, राजा शर्मा, गगन दुबे, दिनेश वर्मा, दीपक नामदेव, खेलूं टंडन, संजय निषाद ने हर्ष जताया।

## सूखत प्रावधान करने की मांग

**अंडा।** एसीएस ऋचा शर्मा को समिति में सूखत प्रावधान करने की मांग को लेकर संभाग दुर्ग व प्रदेश पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान गिरधर सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष, जागेश्वर साहू, आरिफ खान प्रदेश उपाध्यक्ष, भाई लाल देवांगन संगठन मंत्री, जगमोहित साहू जिला अध्यक्ष बेमेतरा, गजेंद्र देशमुख जिला अध्यक्ष बालोद, हुकुम साहू कार्यकारी सदस्य आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## झलमला निवासी प्रतिभा बनीं सब इंस्पेक्टर अमलेश्वर नगरपालिका बनने से चार गांव प्रभावित

**दुर्ग।** अमलेश्वर को नगरपालिका बनाए जाने के बाद पाटन जनपद की सीमा प्रभावितो हो रही हैं। आगामी दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले जिला पंचायत द्वारा इसके लिए दावा आपत्ति भी मंगाए गए हैं। जिसमें इन गांव को छोडकर अन्य गांव के लिए आठ दावा आपत्ति भी आए हैं। उल्लेखनीय हैं कि, पूर्व सरकार द्वारा अमलेश्वर को नगरपालिका का दर्जा दिया गया हैं। नगरपालिका सीमा में पाटन जनपद का अमलेश्वर, बोथली, मगरघटा और खुरमुढा गांव आ रहे हैं। जानकारी अनुसार पाटन ब्लाक में 142 गांव है, जिसमें 108 पंचायत शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि, इसके लिए तीस अक्टूबर से आठ नवंबर तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे। जिसमें इन गांव को छोडकर ग्राम पंचायत द्वारा भनसुली क्षेत्र को यथावत रखने की मांग आई हैं। वहीं राजेश ठाकुर अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामगांवआर द्वारा क्षेत्र 11-12 को यथावत रखने व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू द्वारा भी दोनो क्षेत्र को यथावथ रखने की पेशकश की हैं। वही ग्राम पंचायत केसरा को यथावत और सावनी ग्राम पंचायत को क्षेत्र क्रमांक दस में शामिल करने की मांग की गई हैं। मोरध्वज साहू सभापति द्वारा ग्राम सावनी को क्षेत्र क्रमांक दस में शामिल करने, महेन्द्र वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस पाटन द्वारा वही मांग की गई हैं।

### पर्व : रामकृष्ण गौशाला में गोपाष्टमी उत्सव में शामिल हुए विधायक

# परिवार में सुख, शांति और समृद्धि के लिए घर में बनी पहली रोटी गाय को खिलाएं : ईश्वर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

रामकृष्ण गौशाला परिसर में गोपाष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में साजा विधायक ईश्वर साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव, महामंत्री राजेश ठाकुर और श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया सहित अनेक गौ भक्तों की उपस्थिति रही। सभी उपस्थितजनों ने गौ माता की पूजा कर उनके प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की।

- गौ छाया के विकास के लिए 5 लाख की घोषणा की

विधायक ईश्वर साहू और अन्य गणमान्य अतिथियों ने गौ माता को खिचड़ी और गुड़ खिलाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत मंचीय आयोजन हुआ। विधायक ईश्वर साहू ने गौ माता की जयकार के साथ उद्बोधन की शुरुआत की और गौ माता के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि हर दिन पहली रोटी गाय को खिलाने से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। गाय का दूध अमृत तुल्य है,जबकि गोमूत्र और गोबर को पवित्र माना गया है। इस अवसर पर विधायक साहू ने गौशाला के विकास हेतु 5 लाख रुपये की घोषणा की, जिसका उपयोग गौ माता के लिए छाया निर्माण और मरम्मत कार्यों में किया जाएगा। विधायक ने बताया कि भाजपा सरकार गौ माता के संरक्षण



के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने झालम में गौ अभ्यारण्य की भी जल्द शुरुआत होने की बात कही, जो क्षेत्र के गौ पालन को प्रोत्साहन देगा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कांग्रेस शासन काल में गौशाला की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि वर्तमान सरकार तथा विभिन्न हिंदू संगठनों, जैसे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सहयोग से गौशाला के संरक्षण और संचालन के कार्य में समाजसेवियों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम का संचालन राकेश जोशी ने किया। इस आयोजन में अनेक सम्मानित व्यक्ति जैसे दीपक तिवारी, गौतम केडिया, चंद्रशेखर राजपूत, हरि अग्रवाल, दीपक बंसल, मनीष सेन, आदर्श जोशी, गोपाल कागलीवाल, मुकेश सिंघानिया, राधेश्याम अग्रवाल, प्रवेश नेताम, रूद्रेश अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, वीरेंद्र जोशी, वीरेंद्र सिन्हा, हनी परिहार, चंद्रशेखर तिवारी, फागु सिन्हा, संजय देवागन, जलेश्वर सिन्हा, आयुष वैष्णव, मनीष सेन, संपत तिवारी, महेश शर्मा और अन्य उपस्थित थे।

### हर घर में हो गाय का पालन-पोषण

बलदेव प्रसाद केडिया ने गौ माता के प्रति निष्ठा और सेवा का महत्व बताते हुए गो-भक्तों को प्रेरित किया। वहीं पं. ओमप्रकाश जोशी ने गौ माता की महिमा का विस्तृत वर्णन किया और सभी हिंदुओं को संगठित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से जीवन में संकल्प, सुख, शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा हर घर में कुत्ते की जगह गाय का पालन होना चाहिए और उसे मंदिरों और घरों में स्थान देना चाहिए।

### गोपाष्टमी पर हुई गौ माता की पूजा, जिला पंचायत सदस्य ने खिलाया हरा चारा



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत केवाछि में गोपाष्टमी पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी और अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी ने ग्राम में गाय की पूजा अर्चना कर उन्हें हरा चारा खिलाया। इस दौरान उन्होंने गौ माता से गांव में सुख शांती की प्रार्थना के साथ पूरे साल भर दूध, दही, घी के भंडार से गृहणियों का रसोई भरा रहे ऐसी प्रार्थना की।भाजपा नेता नागेश वर्मा, पूर्व सरपंच ताराचन्द वर्मा, राजू रजक, चित्रसेन वर्मा, पंचवती साहू, सुनीता निर्मलकर, कुसुम रजक सहित सैकड़ों बहनों की उपस्थिति में अटल प्रश्नमाला का आयोजन हुआ। अटल प्रश्नमाला में ग्रामीण बहनों से प्रश्न पूछ उन्हें दैनिक जरूरत के बर्तन पुरुस्कार में दिए गये।गोपाष्टमी के दिन अटल प्रश्नमाला के आयोजन से ग्रामीण महिलाओं में खुशी दिखी। उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं को प्रचारित करने वाली पत्रिका जनमन का वितरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन नागेश वर्मा ने किया।

## छात्रों ने गन्ने के मंडप में की तुलसी पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला देवकर में तुलसी पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसके लिए चौक बनाया, रंगोली से सजावट की और पूजा के लिये थाली सजाई। तुलसी माता का गन्ना से मंडप का निर्माण किया और हल्दी की रश्म में माता को हल्दी चढ़ाई गई। बच्चों, शिक्षकों और रसोइया द्वारा हरदाही भी खेली गई। माता की पूजा व श्रृंगार किया गया। तुलसी पूजा से संबंधित चित्रकारी की गई। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को तुलसी पूजा से जुड़ी पौराणिक कथा बताई गई। उन्होंने कहा त्योहारों से हमें सामाजिक संबंधों को मजबूत करने परिवार के साथ समय बिताने और धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को याद करने की प्रेरणा मिलती हैं। बच्चों ने उक्त आयोजन उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर आशुतोष चौबे, वीणा रावटे, पुष्पा साहू, म्हेशिया निषाद, सुंदर ठाकुर, खेमा बाई, रामप्यारी उपस्थित थीं।

## कलार समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

कलार समाज नवागढ़ द्वारा कार्तिक शुक्ल सप्तमी के अवसर पर शुक्रवार को जायसवाल धर्मशाला में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती मनाई गई। शाम में भगवान सहस्त्रबाहु की महाआरती में समाज की महिलाओं ने दीपों की सुंदर श्रृंखला बना कर दीपोत्सव मनाया।

समाज के जिलाध्यक्ष विरेंद्र जायसवाल ने कहा कि कलार समाज का इतिहास गौरवशाली है। कल्चुरियों के आराध्य भगवान विष्णु के चौबीसवें अवतार जिनकी अदम्य साहस और वीरता से पूरा इतिहास भरा हुआ है, ऐसे भगवान के हम सभी कलार समाज वंशज हैं। इस पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। इस दौरान मंडलेश्वर अजय सिन्हा, सचिव



दिलीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, ग्राम प्रमुख बलिराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष धर्मशाला समिति मनीष सिन्हा, छड़ीदार नंदलाल जायसवाल, क्षेत्राधिकारी राकेश जायसवाल, सचिव धर्मशाला समिति विद्यानंद जायसवाल, रामप्रसाद सिन्हा, जिला कोष निरीक्षक नरसिंह जायसवाल, भगऊ राम सिन्हा, तिजराम सिन्हा, पुनीत सिन्हा, रामभरोस सिन्हा, इतवारी सिन्हा सहित युवा साथी राजू जायसवाल, आशु जायसवाल,जयंत सिन्हा, कौशल्या सिन्हा, लता जायसवाल पार्षद, ममता सिन्हा, गंगोत्री बाई जायसवाल, सीमा जायसवाल सहित भारी संख्या में समाजिकजन उपस्थित रहे।

## बैग लेस डे पर प्राथमिक स्कूल में हुआ बाल मेला का आयोजन

**देवकर।** शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूभाठा में शनिवार को बैग लेस डे पर बाल मेला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में बच्चों द्वारा तरह-तरह की छत्तीसगढ़ के व्यंजन लाए गए थे। विदित हो कि प्रत्येक शनिवार को स्कूल में बैगलेस डे पर बिना बस्ता के जाना होता है। स्कूल में बैगलेस डे पर योग, पीटी, खेलकूद, संगीत, नाटक, कहानी एवं प्रतियोगिताएं जैसे सीखना और सिखाने को लेकर विभिन्न गतिविधि करायी जाती है। इसी के चलते शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दुभांठा में बैगलेस डे पर बाल मेला का आयोजन के परिपेक्ष्य में छात्र छात्राओं ने अपने घर से छत्तीसगढ़ के व्यंजन बना कर बेचा। इस प्रकार के नयी-नयी गतिविधियों से बच्चों में शिक्षा को लेकर रोचक, व्यावहारिक और अपने आस-पास के माहौल से जुड़ने के लिए यह कोशिश शुरू की जा रही है। संस्था के प्रधान पाठक अगनू राम साहू द्वारा बाल मेला के उद्देश्य को स्पष्ट किया। इस अवसर संकुल समन्वयक मिथलेश भारती उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के प्रयास की सराहना की।



## ऊर्जा संरक्षण पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा को उजागर किया। गौरतलब हो कि घरेलू क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय एन ओपी, भारत सरकार छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करता है। ऐसे स्कूलों के प्रतिभागियों के राष्ट्रीय विजेताओं के चयन के लिए अलग से मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही समूह 'क' और 'ख 'के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि भी दी जाएगी। इसी कड़ी में पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी



में भी शिक्षक ओमनारायण साहू के मार्गदर्शन में ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ग्रुप 'क' में कक्षा 6वीं, 7वीं और ग्रुप 'ख' में कक्षा 8वीं के बच्चों ने भाग लिया। उनमें से क्रमशः प्रथम और सेकंड का चयन किया गया। शाला स्तर पर चयनित बच्चों के ड्राइंग को स्पीड पोस्ट द्वारा उच्च कार्यालय नोडल अधिकारी के पास भेजा गया। शिक्षक ओमनारायण साहू ने बताया कि इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों में कल्पना शक्ति, तर्क शक्ति, सृजन शक्ति का विकास होता है। बच्चों के पास असीमित प्रतिभा छिपी रहती है। उनके कौशलों को निखारने की जरूरत होती है। प्रधान पाठक पी डी महिलांग, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक लोकेश साहू, मनीषा देवांगन, नीलेश वर्मा एवं फिरोज कुमार जोशी ने स्कूल स्तर पर चयनित बच्चों को बधाई दी ।और चयनित बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर छात्रों ने जाना मौलिक अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर उच्चतर माध्यमिक शाला बावामोहतरा एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुड़मुड़ी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

- स्कूलों में आयोजित किया गया विधिक जागरूकता शिविर

इसमें छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकर एवं मौलिक कर्तव्य की जानकारी देते हुये, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का सरक्षण अधिनियम, 2012, की जानकारी दी गई। इसी दिवस पर हाई स्कूल साहसपुर में भी स्कूली बच्चों के साथ विधिक जागरूकता रैली




निकालकर आमजन तक न्याय सबके लिए न्याय पाने का सभी का अधिकार को बताते हुए, कानूनी संबंधी स्लोगन के साथ जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ विभिन्न कानूनी विषयों पर शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, नालसा एवं सालसा द्वारा चलाये जा रहे योजनाए एवं अभियान, नालसा हेल्पलाइन 15100, साइबर काइम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीण लोग एवं पैरालीगल वालेंटियर्स सोनिया राजपूत, पवन कुमार साहू, देवेन्द्र यादव, पंकज घृतलहरे, टुवेन्द्र वर्मा, चेतन सिंह, स्वाति कुंजाम, धरमू बारले, तरूण आनंद, संजीव शर्मा, नागेश सिन्हा उपस्थित थे।

## युवाओं को नशा से बचाने जागरूकता अभियान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नशे की लत जिस तेजी से युवाओं में प्रचलित हो रही है, यह हम सब के लिए चिंतनीय है। इस पर खुद हमें विचार करना होगा। उक्त विचार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शासकीय पीजी कॉलेज में समाज कल्याण विभाग के नेहरू युवा केंद्र व खेल मंत्रालय भारत सरकार ने नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय आयोजित कार्यशाला में मुख्यातिथि के तौर पर व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान व जागरूकता अभियान तो जरूरी है, लेकिन पहले हमें खुद इससे दूरी

- पीजी कॉलेज में नशामुक्ति पर आयोजित की गई कार्यशाला




बनाकर रखने की आवश्यकता है, तब जाकर हम नशाखोरी से दूर रहने की हिमायत कर सकते हैं। श्री सिन्हा ने इस दौरान युवाओं को नशा से दूर रहने व अपने भविष्य के खिलवाड़ नहीं करने पर सचेत करते हुए कहा आजकल जो युवा नशे के रूप में सिगरेट, गुटखा, शराब, बीयर को फैशन समझते हैं और महंगी महंगी बाइक तेज रफ्तार से और एक हाथ में मोबाइल चलाते हैं इन चीजों के चलते वे दुर्घटना का शिकार बन जाते हैं। वे इस बात सोचे कि जब वे दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं तो माता पिता ओर परिवार पर क्या बीतते रहता होगा वास्तविक में वे भी उतने ही पीड़ित होकर दुखी परेशान होते हैं। सिन्हा ने कहा कि अगर हम अपने बच्चों को इन बुरी लातों से दूर रखना चाहते हैं तो हमें शुरुवाती चरणों से उन्हें आध्यात्मिक चीजों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता विकास तंबोली, गौरव साहू, जिला समाज कल्याण विभाग के पीतांबर यादव, पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. विणा त्रिपाठी, मनीष वर्मा सहित प्रोफेसर एवं कॉलेज स्टाफ, छात्र-छात्राओं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार मनीष वर्मा ने किया ।

